राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–229/2024

राज्यपाल ने दीपावली के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 30 अक्टूबर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दीपावली के पावन अवसर पर समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है कि दीपावली सनातन संस्कृति का सबसे महत्वपूर्ण उत्सव है। दीपों का यह त्योहार बुराई पर अच्छाई और अज्ञान पर ज्ञान की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर हम अपने हृदय को सत्य, प्रेम और करूणा के प्रकाश से आलोकित करने का संकल्प लें।

राज्यपाल ने इस त्योहार के अवसर पर बिहारवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य की कामना की है तथा सुरक्षित और प्रदूषणमुक्त दीपावली मनाने का आवाहन किया है।

....